भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 842

उत्तर देने की तारीख : 04.02.2026

उम्मीद पोर्टल

842. श्री बैन्नी बेहनन:

श्री के. सुधाकरन:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि वक्फ संपत्तियों के डिजिटल पंजीकरण के लिए बने उम्मीद पोर्टल में 2025 के उत्तरार्ध में सर्वर क्रैश, लॉगिन विफलता, गायब या दुर्गम फ़ील्ड, अपलोड में देरी जैसी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा था, यदि हाँ, तो राज्य/संघ/राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अपलोड की गई, स्वीकृत, लंबित और अस्वीकृत वक्फ संपत्तियों का राज्य-वार और माह-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन तकनीकी समस्याओं को हल करने के लिए सिस्टम अपग्रेड, वक्फ बोर्डों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण, हेल्पलाइन या स्वतंत्र तकनीकी लेखापरीक्षा जैसे क्या कदम उठाए गए हैं या प्रस्तावित हैं; और

(घ) क्या सरकार ने सभी राज्यों और संघ/राज्यक्षेत्रों में समान और विश्वसनीय रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए कोई दिशानिर्देश जारी किए हैं और क्या लंबित वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण में हो रही देरी के लिए पोर्टल के प्रदर्शन की रियल-टाइम निगरानी की योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मौजूदा वक्फ तथा वक्फ को समर्पित संपत्तियों के विवरण अपलोड करने, नए वक्फ के पंजीकरण तथा वक्फ के समग्र प्रबंधन एवं प्रशासन को सुगम बनाने हेतु दिनांक 06.06.2025 को सांविधिक UMEED केंद्रीय पोर्टल–2025 को विकसित कर उसका शुभारंभ किया था।

UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 के शुभारंभ और तत्पश्चात इसके विस्तार के उपरांत, कुछ उपयोगकर्ताओं द्वारा विशेषकर प्रारंभिक चरण में तथा अत्यधिक समवर्ती उपयोग की अवधि में, कुछ छिटपुट तकनीकी एवं परिचालन संबंधी समस्याएं रिपोर्ट की गई थीं। ये समस्याएँ लगभग सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में समान रूप से देखी गईं और ये पोर्टल की किसी प्रणालीगत खराबी का संकेत न होकर मुख्यतः संक्रमणकालीन एवं परिचालन स्वरूप की थीं।

ये समस्याएँ मुख्यतः बड़ी मात्रा में पुराने (विरासत) डेटा के डिजिटलीकरण, उपयोगकर्ता स्तर पर इंटरनेट कनेक्टिविटी में परिवर्तन, क्षेत्र-स्तरीय कार्मिकों की डिजिटल तत्परता के स्तर में अंतर तथा कुछ राज्य वक्फ बोर्डों के पास सांविधिक अभिलेखों की उपलब्धता में कमी के कारण उत्पन्न हुईं।

रिपोर्ट की गई समस्याओं में उपयोगकर्ता-स्तरीय कनेक्टिविटी मुद्दों के कारण OTP प्राप्त होने में विलंब से कभी-कभार लॉग-इन में देरी, आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण कुछ अनिवार्य प्रविष्टियां दर्ज न कर पाना तथा मेकर-चेकर-एप्रूवर कार्यप्रवाह के अंतर्गत डेटा सत्यापन से संबंधित समस्याएँ शामिल थीं। कई मामलों में, कुछ राज्य के वक्फ बोर्डों के पास अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित अभिलेखों की अनुपलब्धता के कारण भी ऐसी कठिनाइयाँ उत्पन्न हुईं।

हेल्पडेस्क प्रणाली के माध्यम से प्राप्त ऐसे सभी मुद्दों एवं प्रश्नों का समाधान किया गया तथा पोर्टल के शिकायत निवारण मॉड्यूल के अंतर्गत आवश्यक स्पष्टीकरण, टिप्पणियाँ एवं समाधान उपलब्ध कराए गए। इन समस्याओं के बावजूद, निर्धारित अवधि के दौरान पोर्टल अधिकांशतः कार्यशील बना रहा तथा राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों में वक्फ एवं वक्फ-समर्पित संपत्तियों से संबंधित विवरण डिजिटल रूप से अपलोड करने की प्रक्रिया जारी रही।

इसके अतिरिक्त, इस मामले पर हितधारकों से कई पत्राचार भी प्राप्त हुए। इनमें उठाए गए मुद्दों का उसी समय निवारण किया गया तथा शिकायतों के समाधान से संबंधित विवरणों सहित उत्तर UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 (https://umeed.minorityaffairs.gov.in/) पर अपलोड किए गए। इन मुद्दों का समाधान वीडियो कॉन्फ्रेंस एवं क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों के दौरान भी किया गया।

पोर्टल में राज्य-वार एवं माह-वार निगरानी तंत्र शामिल किया गया है, जिसके माध्यम से अपलोड की गई, अनुमोदित, लंबित अथवा वापस की गई वक्फ संपत्तियों की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। यह प्रणाली बाधाओं की शीघ्र पहचान, लक्षित तकनीकी सहायता तथा अनुपालन-उन्मुख हस्तक्षेप को सक्षम बनाती है। निरंतर निगरानी के आधार पर, किसी भी राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र को पोर्टल की किसी प्रणालीगत या सतत तकनीकी खराबी के कारण गंभीर रूप से प्रभावित नहीं पाया गया है।

UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 का शुभारंभ दिनांक 06.06.2025 को किया गया था। प्रारंभिक महीनों में डेटा प्रस्तुत करने की गति धीमी रही, किंतु निर्धारित अवधि के उत्तरार्ध में, विशेषकर अंतिम माह तथा अंतिम सप्ताह के दौरान, अपलोड की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। UMEED केंद्रीय पोर्टल पर राज्य-वार एवं माह-वार वक्फ प्रगति रिपोर्ट **अनुबंध-I** में दी गई है।

UMEED नियमावली, 2025 के नियम 3 के अनुसार, अपलोड किए गए डेटा की जाँच की गई है, और कुछ त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियाँ, विशेष रूप से वक्फ संपत्तियों के क्षेत्रफल से संबंधित त्रुटियाँ पाई गईं। तदनुसार, सभी राज्यों के वक्फ बोर्डों को प्रासंगिक भूमि अभिलेखों के संदर्भ में क्षेत्रफल संबंधी विवरण का पुनः सत्यापन करने की सलाह दी गई है। जिन मामलों में असामान्य रूप से बड़े क्षेत्रफल से संबंधित विसंगतियाँ बनी रहती हैं, उनकी पुनः जाँच नामित राज्य सरकार अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

*****

अनुबंध-I

'उम्मीद पोर्टल' विषय पर श्री बैन्नी बेहनन और श्री के. सुधाकरन द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 04.02.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 842 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	राज्य वक्फ बोर्ड का नाम	जून	जुलाई	अगस्त	सितंबर	अक्टूबर	नवंबर	दिसंबर	कुल
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	12	119	82	213
2	आंध्र प्रदेश	0	4	0	52	421	9523	1290	11290
3	असम	0	0	2	1	32	306	340	681
4	बिहार शिया	0	0	12	6	15	3379	1808	5220
5	बिहार सुन्नी	0	10	193	181	161	5208	4231	9984
6	चंडीगढ़	0	0	10	5	3	5	0	23
7	छत्तीसगढ़	0	0	0	0	0	1091	833	1924
8	दादरा एवं नगर हवेली एवं दमन और दीव	0	0	0	0	0	2	0	2
9	दिल्ली	2	1	0	1	22	2194	932	3152
10	गुजरात	0	1	2	18	468	8246	18725	27460
11	हरियाणा	1	0	0	439	3701	8580	724	13445
12	हिमाचल प्रदेश	1	0	0	62	204	542	90	899
13	जम्मू और कश्मीर	0	0	18	558	1202	17490	6025	25293
14	झारखंड	0	0	1	22	27	247	259	556
15	कर्नाटक	0	0	0	31	5816	46578	5903	58328
16	केरल	0	3	0	0	32	2995	39747	42777
17	लक्षद्वीप	0	0	1	3	2	43	419	468
18	मध्य प्रदेश	0	1	0	3	15	4904	16398	21321
19	महाराष्ट्र	0	2	15	37	2196	39657	21032	62939
20	मणिपुर	1	3	0	0	0	248	141	393
21	मेघालय	0	0	0	0	0	7	6	13
22	ओडिशा	1	12	107	945	1942	1344	1850	6201
23	पुडुचेरी	0	0	0	0	1	145	474	620
24	पंजाब	1	2	4	1655	4298	16421	3529	25910
25	राजस्थान	0	4	13	11	168	7073	14969	22238

26	तमिलनाडु	0	0	0	0	12	1432	6808	8252
27	तेलंगाना	0	1	0	2	2244	23189	21046	46482
28	त्रिपुरा	0	0	397	1	0	1879	503	2780
29	उत्तराखंड	0	2	7	100	225	775	1170	2279
30	उत्तर प्रदेश शिया	0	0	12	51	163	3230	3030	6486
31	उत्तर प्रदेश सुन्नी	2	2	7	140	2354	31363	52494	86362
32	पश्चिम बंगाल	2	3	21	3	90	4248	18724	23091
	कुल	**11**	**51**	**822**	**4327**	**25826**	**242463**	**243582**	**517082**

*****